# शहर-शहर जलमग्न, 6000 एकड़ जमीन प्रभावित

**07** जिले के लोग बारिश से हो रहे परेशान | **150** गांव जलमग्न, पंजाब में मौसम का कहर | **15** दिनों से हो रही लगातार बरसात से घर में पानी भराया | **28** तक बारिश व वज्रपात का सिलसिला जारी

**हिमाचल में भाखड़ा से छोड़ा पानी बना आफत**

**पठानकोट से मोहाली तक रेड अलर्ट, स्कूल-कॉलेज बंद**



**पटियाला/पटना/चमोली, 23 अगस्त. पंजाब समेत कई राज्यों में बाढ़ बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है. लगातार बारिश हो रही है. घरों में पानी भर गया है.**

करीब 6000 एकड़ की जमींन पानी से प्रभावित हुई है. शहर-शहर जलमग्न हो गया है. कई इलाको में पानी भरा हुआ है, आज भी यूपी के कई इलाको में पानी का जन सैलाब उमड़ा है. वहीं कोटा, बूंदी, सवाईमाधोपुर एवं टोंक जिलों में नीचे इलाकों में पानी भर जाने से कई क्षेत्रों में बाढ़ के हालात नजर आने लगे हैं. बिहार में भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी हुआ है. विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है. शनिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, आज दक्षिण- पश्चिम, दक्षिण- मध्य और दक्षिण- पूर्व बिहार के अधिकांश भागों में बारिश की संभावना है.

**उत्तराखंड** के चमोली जिले के थराली में शुक्रवार देर रात बादल फटने की घटना में सगवाडा तोक के काफलतोली, थराली बाजार, कोटदीप और तहसील थराली परिसर में बारिश का पानी और मलबा घुसने से काफी नुकसान हो गया है और मलब में दबकर लड़की की मौत हो गयी तथा अन्य एक बुजर्ग अभी भी लापता है. इस प्राकृतिक आपदा की वजह से पूरे इलाके में तबाही मच गयी है. बादल फटने की घटना से थराली बाजार, कोटदीप, और तहसील थराली परिसर में भारी नुकसान हुआ है. उपजिलाधिकारी का आवास और आसपास के कई घरों में भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया.

**हिमाचल** में बढ़ते जलस्तर के कारण भाखड़ा डैम से छोड़े गए पानी ने सात जिलों में तबाही मचाई है. इन जिलों में अब तक 150 गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं, और कई क्षेत्रों में घरों में पानी घुस गया है. करीब 6000 एकड़ खेती योग्य भूमि जलमग्न हो चुकी है, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है. मोगा, जालंधर, नवांशहर और कपूरथला जैसे इलाकों में जलभराव की वजह से सड़कें नदियों में तब्दील हो गई हैं. कई स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं. प्रशासन ने टीमें तैनात की हैं.

## अब्बास अंसारी के भाई उमर का ठिकाना होगी कासगंज जेल

**एटा 23 अगस्त.** फर्जी हस्ताक्षर मामले में गाजीपुर जेल में निरुद्ध मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी को कासगंज जेल मे शिफ्ट किया जा रहा है. शनिवार सुबह उमर अंसारी को कासगंज जेल के लिए रवाना किया गया. फर्जी हस्ताक्षर मामले मे एक महीने पहले पुलिस ने उसे लखनऊ से विधायक भाई अब्बास अंसारी के आवास से गिरफ्तार कर गाजीपुर जेल भेजा था. मुख्तार का बेटा अब्बास अंसारी विधायक भी कासगंज जेल मे रह चुका है जिसकी पिछले दिनो से जमानत मिलने पर रिहा किया था. उमर अंसारी को करीब एक माह पूर्व मां के फर्जी हस्ताक्षर मामले मे लखनऊ से गिरफ्तार किया था.

# दिल्ली-गुरुग्राम में 125 करोड़ रुपए की ठगी का भंडाफोड़

**ईडी की सात जगहों पर छापेमारी में बड़ा खुलासा**

**अमेरिका को निशाना बना रहे थे भारत के फर्जी कॉल सेंटर**

**नईदिल्ली, 23 अगस्त. दिल्ली और गुरुग्राम में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर रैकेट का ईडी ने भंडाफोड़ किया है, जो अमेरिकी लोगों को निशाना बनाकर ठगी कर रहा था.**

इस इंटरनेशनल स्कैम में अब तक करीब 125 करोड़ रुपये की मनी ट्रेल सामने आई है. दिल्ली और गुरुग्राम में संचालित हो रहे एक अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर रैकेट का पर्दाफाश करते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने एक बड़ी कार्रवाई की है. गुरुग्राम स्थित ईडी की टीम ने दिल्ली-एनसीआर के 7 ठिकानों पर छापेमारी की और टेक फ्रॉड में संलिप्त गिरोह की गतिविधियों का खुलासा किया. यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की गई, जिसकी नींव सीबीआई द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर रखी गई थी. आरोप है कि नवंबर 2022 से अप्रैल 2024 के बीच चल रहे इन फर्जी कॉल सेंटर्स से अमेरिकी नागरिकों को तकनीकी सहायता देने के नाम पर ठगा. आरोपी अर्जुन गुलाटी, दिव्यांश गोयल, अभिनव कालरा नोएडा और गुरुग्राम से यह पूरा ऑपरेशन चला रहे थे.

## सीबीआई ने धन उगाही करने वाले भगोड़े गैंगस्टर को पकड़ा

**नई दिल्ली, 23 अगस्त. केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भगोड़े गैंगस्टर सुनील कुमार को इंटरपोल के माध्यम से अजरबैजान से वापस लाने में सफलता मिली है.**

सुनील कुमार के खिलाफ झारखंड पुलिस ने जबरन उगाही के एक मामले में रेड कार्नर नोटिस जारी किया था. सुनील कुमार फर्जी नाम मयंक सिंह का भी इस्तेमाल करता है. बताया जाता है कि वह झारखंड के आपराधिक संगठन अमन साहू गैंग का भी सदस्य है. कुमार पर व्यापारियों, कोयला ट्रांसपोर्टरों और रेलवे ठेकेदारों को वसूली के लिए व्हाट्सएप संदेश भेजने के आरोप हैं. उसके विरुद्ध कई राज्यों में अनेक मामले दर्ज हैं. सीबीआई की इंटरनेशनल पुलिस कोआपरेशन यूनिट ने बाकू में अजरबैजान की नेशनल सेंट्रल ब्यूरो से संपर्क स्थापित किया. इसके बाद झारखंड पुलिस के तीन सदस्यीय दल को 19 अगस्त को बाकू भेजा गया था. यह दल भगोड़े को साथ लेकर 23 अगस्त को मुंबई पहुंचा था. सीबीआई ने झारखंड पुलिस के आग्रह पर पिछले साल 10 अक्टूबर को इंटरपोल के माध्यम से कुमार के विरुद्ध रेड कार्नर नोटिस जारी किया था. इसके बाद जनवरी में अजरबैजान के अधिकारियों को कूटनीतिक माध्यम से सुनील कुमार के औपचारिक प्रत्यर्पण का अनुरोध भेजा गया था.

## कटिहार में किसानों के बीच पहुंचे राहुल

**खेतों में मखाना कृषकों से चर्चा, उठाए और बिचौलियों के मुद्दे**

**कटिहार, 23 अगस्त. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत बिहार के कटिहार जिले के कुरसेला से की.**

उन्होंने शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि दी और फिर सीधे खेतों में पहुंचकर मखाना किसानों से मुलाकात की. यह मुलाकात सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं रही—राहुल ने किसानों के साथ जमीन पर बैठकर मखाना फोड़ा, बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं. इस मौके पर उन्होंने स्पष्ट संकेत दिए कि कृषि और किसान कांग्रेस की प्राथमिकता हैं. कटिहार-राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का आग़ाज़ शुक्रवार को कुरसेला से हुआ, जहां उन्होंने सबसे पहले शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि दी. इसके बाद उन्होंने मखाना किसानों के खेतों का दौरा किया और उनके साथ ज़मीन पर बैठकर बातचीत की. इस दौरान उनका एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें वे मखाना फोड़ते और किसानों के साथ घुलते-मिलते नजर आए.



बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि राहुल गांधी ने मखाना किसानों की सबसे बड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की, जिनमें उचित मूल्य का अभाव, बिचौलियों की दखलअंदाजी, और केंद्र सरकार की उदासीनता शामिल हैं. उन्होंने कहा कि बिहार के किसान लंबे समय से मखाना की फसल का सही मूल्य नहीं पा रहे हैं और बिचौलिये किसानों की मेहनत का मुनाफा खा जाते हैं. राहुल गांधी ने किसानों से वादा किया कि कांग्रेस उनके मुद्दे संसद में उठाएगी.

## रक्षा मंत्री राजनाथ चिसोती गांव का दौरा करेंगे



**किश्तवाड़ 23 अगस्त.** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा रविवार को प्रदेश के किश्तवाड़ जिले के चिसोती गांव का दौरा करेंगे. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि दौरे के दौरान राजनाथ और श्री सिन्हा त्रासदी से प्रभावित परिवारों से मिलेंगे और लापता लोगों की तलाश के लिए चल रहे तलाशी अभियान की समीक्षा करेंगे. उल्लेखनीय है कि 14 अगस्त को चिसोती में बादल फटने से भारी बाढ़ और भूस्खलन हुआ जिससे काफी तबाही हुई. नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस घटना में कम से कम 64 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है.

## जेलेंस्की और नाटो महासचिव के बीच वार्ता

**कीव 23 अगस्त.** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रुटे से यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी के विषय में उनकी बात हुई है. ज़ेलेंस्की ने कहा कि शुक्रवार को हुई बातचीत का उनका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि के अनुच्छेद 5 के समान कोई सुरक्षा गारंटी प्राप्त करना है.

# रणनीतिक स्वायत्तता पर समझौता नहीं...

**विदेश मंत्री ने अमेरिका की दोहरी नीति पर उठाए सवाल**



**नईदिल्ली, 23 अगस्त.** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता, किसानों के हित और संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगा. उन्होंने अमेरिका की नीति पर सवाल उठाते हुए चीन पर नरमी और भारत पर टैरिफ लगाने जैसे दोहरे मापदंड की आलोचना की.

साथ ही, जयशंकर ने बिना नाम लिए ट्रंप के पाकिस्तान-मध्यस्थता दावे को भी पूरी तरह खारिज किया. भारत-अमेरिका के बीच इन दिनों ट्रेड, रूस से तेल आयात और रणनीतिक स्वायत्तता को लेकर तनातनी चल रही है. इस पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी नीति की दोहरापन पर सीधा सवाल उठाते हुए कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि बातचीत जरूर हो रही है, लेकिन भारत की रेड लाइन अटल है - खासकर किसानों के हित और रणनीतिक फैसलों पर.

जयशंकर ने सवाल उठाया कि अगर रूस से तेल खरीद पर आपत्ति है तो अमेरिका और यूरोप खुद क्यों खरीद रहे हैं? उन्होंने चीन का उदाहरण देते हुए पूछा, जो देश रूस से सबसे ज़्यादा तेल ले रहा है, उस पर कोई टैरिफ क्यों नहीं लगाया गया. ट्रेड के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारत की कुछ स्पष्ट रेड लाइन्स हैं. खासकर किसानों और छोटे उत्पादकों के हित. उन्होंने आलोचकों को चुनौती दी कि अगर उन्हें यह नीति गलत लगती है, तो वे जनता से कहें कि वे किसानों के हितों की रक्षा नहीं करना चाहते. भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में कोई तीसरी पार्टी मध्यस्थता नहीं कर सकती.


## एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.

HDFC BANK
We understand your world

**पंजीकृत कार्यालयः** एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग लोअल परेल(पश्चिम) मुंबई- 400013
**शाखाः** एच.डी.एफ.सी. हाऊस, 10-A/1, एम.जी. रोड, इन्दौर-452001, **CIN:** L65920MH1994PLC080618, **वेबसाईट :** www.hdfcbank.com

### आधिपत्य सूचना

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के सपठित धारा 13(12) में प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी/यों (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) द्वारा अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना पत्र जारी कर निम्नलिखित ऋणियों/वैध वारिसों/वैध प्रतिनिधियों को उनके नाम के सम्मुख दर्शाई गई राशियों के भुगतान तथा/या वसूली की दिनांक तक आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित कथित सूचनाओं की दिनांक से 60 दिन के अंदर सूचनाओं में अंकित लागू दरों पर ब्याज सहित अदा करने करने हेतु निर्देशित किया था।

| क्रं. | ऋणीयों/वैध वारिसों एवं वैध प्रतिनिधियों के नाम | बकाया राशि | मांग नोटिस की दिनांक | आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों)/ सुरक्षित आस्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **श्री मयंक चौरसिया पताः 250, तिलक पथ, इन्दौर, मध्यप्रदेश** | ₹ **13,65,312/-** as on **31.10.2018** | 27/11/2018 | **18.08.2025** (भौतिक आधिपत्य) | फ्लेट नं. 11, पहली मंजिल, आनंद एकता हाईट- सिंगापुर टॉउनशिप, खसरा नं. 51,52/3,55/1,53/3/1,6,54,56/1, 56/2,56/3/2,41/1/2,40/3,42/3,52/1/1/,52/1/2,44/1,48/1,50,42 /1/2 का भाग तलावलीचांदा, इंदौर (म.प्र.)क्षेत्रफल 44.33 वर्गमीटर **चर्तुःसीमाः** पूर्वः खुली जगह, पश्चिमः फ्लेट नं. 110 एवं कॉमन पैसेज, उत्तर : कॉलोनी रोड़, दक्षिणः कॉमन पैसेज |

*भुगतान तथा/या वसूली की दिनांक तक के लागू ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित। तथापि, उपरोक्त दर्शित ऋणियों तथा उनके प्रतिनिधि देय राशि के भगतान करने में असफल रहे हैं, उपरोक्त ऋणीयों/ तथा उनके प्रतिनिधियों को विशेषतः एवं सर्वसाधारण को सामान्यतः सूचित किया जाता है कि सपठित नियम 8 सहित कथित अधिनियम की धारा 13(4) द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत एच.डी.एफ.सी. के प्राधिकृत अधिकारीयों ने उपरोक्त दिनांक को यहाँ वर्णित अचल संपत्तियों/सुरक्षित आस्तियों का **भौतिक आधिपत्य** ले लिया है।

ऋणियों तथा उनके प्रतिनिधियों को विशेषतः एवं सर्वसाधारण को सामान्यतः सावधान किया जाता है कि उपरोक्त अंकित अचल संपत्तियों एवं सुरक्षित आस्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार ने करें एवं सदर अचल सम्पत्तियॉ एवं सुरक्षित आस्तियॉ एच.डी.एफ.सी. के आधिपत्य में है। ऋणियों तथा उनके प्रतिनिधियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

पंचनामा की प्रतियां और विस्तृत सूची अधोहस्ताक्षरी के साथ उपलब्ध हैं, और यह कि ऋणियों/वैध वारिसों तथा उनके वैध प्रतिनिधियों को सामान्य कार्यालय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरित से संबंधित प्रतिलिपि एकत्र करने के लिए अनुरोध किया जाता है।

**स्थान : इन्दौर**
**दिनांक : 24.08.2025**

**वास्ते/- प्राधिकृत अधिकारी**
**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**



## SMFG INDIA CREDIT COMPANY LIMITED

SMFG IndiaCredit
Pragati Ki Nayi Pehchaan

**Corporate Office:** 10th Floor, Office No. 101,102 & 103, 2 North Avenue, Maker Maxity, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai - 400051

### कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) (सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (1) के तहत)

जबकि अधोहस्ताक्षरी एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड ("एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट") के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, जिसका पंजीकृत कार्यालय कॉमर्सोन आईटी पार्क, टॉवर बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई - 600116 और कॉर्पोरेट कार्यालय 10वीं मंजिल, कार्यालय संख्या 101,102 और 103, 2 नॉर्थ एवेन्यू, मेकर मैक्सिटी, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई 400051 में है, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित उधारकताओं से नीचे उल्लिखित दिनांक का डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं से सूचना में उल्लिखित राशि को प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है। उक्त सूचना। निम्नलिखित उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में असफल रहने के कारण, निम्नलिखित उधारकताओं और आम जनता को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा नीचे उल्लिखित तिथि को ले लिया है:

| उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम और ऋण खाता संख्या | मांग सूचना की तिथि और बकाया | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|
| 1. भारत स्टील वर्क्स 2. रेशमा बी 3. मोहम्मद अय्यूब खान। ऋण खाता संख्याः 258301311549754 | 12-05-2025. 73,71,380/- (रुपये तिहत्तर लाख इकहत्तर हजार तीन सौ अस्सी मात्र) 6 मई 2025 तक | 22 अगस्त, 2025 |
| **अचल संपत्ति का विवरणः** संपत्ति के मालिक - मोहम्मद अय्यूब खान। एमयू का हिस्सा। हाउस नंबर 12/1/6, तिलकेश्वर पंथ, बड़नगर रिंग रोड, उज्जैन का क्षेत्रफल 149.43 वर्ग मीटर। मापः लंबाई-पूर्व-पश्चिम उत्तर की ओर 20-25 मीटर और दक्षिण की ओर 21-95 मीटर चौड़ाई - उत्तर-दक्षिण की ओर 7-43 मीटर और पश्चिम की ओर 6-93 मीटर कुल क्षेत्रफल-149.43 वर्ग मीटर। सीमाएंः पूर्वः अन्य भूमि, पश्चिमः सरकारी। सड़क उत्तरः रोमा मनसुखानी और रशीम मनसुखानी का घर दक्षिणः रजिया बी के प्लॉट का शेष हिस्सा | | |
| 1. भरका देवी आइस क्रीम एंड रेस्टोरेंट 2. गोविंद घनघोरिया 3. भारती घनघोरिया. लोन अकाउंट नो. 213121511968630 | 09-06-2025. 57,48,318/- (सत्तावन लाख अड़तालीस हजार तीन सौ अठारह रुपये मात्र) 03 जून, 2025 तक। | 20 अगस्त, 2025 |
| **अचल संपत्ति का विवरणः** संपत्ति की मालिक - भारती घनघोरिया। फ्लैट नंबर 101, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर 48 का पश्चिम भाग और बहुमंजिला इमारत श्री मणिभद्र कॉम्प्लेक्स क्रमशः प्लॉट नंबर 49, 50, 51, 52 पर निर्मित इमली बाजार गली (शिवविलास पैलेस के पीछे) इंदौर, मध्य प्रदेश। सदर सेल का सुपर बिल्ट-अप एरिया 777 वर्ग फीट यानी 72.18 वर्ग मीटर है। सीमाएंः - पूर्व - फ्लैट नंबर 102, पश्चिम - प्लॉट नंबर पर निर्मित इमारत। 53. उत्तर-इमली बाजार गली, दक्षिण-सीढ़ियाँ और लिफ्ट | | |
| 1. जय बाबा बफार्नी दूध डेयरी 2. कमल सिंह 3. श्रीमती रीना ऋण खाता संख्या 213120911731632 | 10-06-2025. 20,96,426/- (केवल बीस लाख छियानवे हजार चार सौ छब्बीस रुपये) 06 जून, 2025 तक | 20 अगस्त, 2025 |
| **अचल संपत्ति का विवरणः** संपत्ति की स्वामी - श्रीमती रीना। आवासीय उपयोग के लिए परिवर्तित भूमि और उस पर निर्मित मकान जो ग्राम बलौदा टाकुन, तहसील सांवेर और जिला इंदौर में स्थित है, खसरा संख्या 555/4 जिसका क्षेत्रफल 0.1150 हेक्टेयर है। जिस पर वर्तमान में दो (मंजिल + पहली) मंजिला आवासीय मकान बना हुआ है। भूतल पर बने शेड का कुल क्षेत्रफल 5200 वर्ग फुट अर्थात 483.27 वर्ग मीटर है और भूतल पर निर्मित आरसीसी भाग का क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट है। यानी 111.52 वर्ग मीटर और पहली मंजिल पर बने आरसीसी हिस्से का क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट है। यानी 111.52 वर्ग मीटर। सीमाएं पूर्व - रोड, पश्चिम - संजय पटेल की जमीन, उत्तर - किशोर की जमीन, दक्षिण - संजय पटेल की जमीन | | |
| 1. माँ अंबिका दूध डेयरी 2. जितेन्द्र सिंह पनवा 3. हीना कुंवर, लोन अकाउंट नो. 216121311853766 | 09-06-2025. 69,23,754.35/- (रुपये उनहत्तर लाख तेईस हजार सात सौ चौवन और पैंतीस पैसे मात्र) 03 जून, 2025 तक | 22 अगस्त, 2025 |
| **अचल संपत्ति का विवरणः** संपत्ति की मालिक - हीना कुंवर। भूमि का प्लॉट एस. नंबर 40, पी.एच. नंबर 62, ग्राम मालीखेड़ी, तहसील घट्टिया, जिला, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 5400 वर्ग फीट यानी 501.67 वर्ग मीटर है। माप लंबाई-दोनों तरफ से 75 फीट यानी 22-86 मीटर। चौड़ाई-दोनों तरफ से 72 फीट यानी 21-95 मीटर कुल क्षेत्रफल 5400 वर्ग फीट यानी 501.67 वर्ग मीटर है। सीमाएँ, पूर्व - महेंद्र की जमीन, पश्चिम - सड़क और सुरेंद्र सिंह का घर, उत्तर - माँ अंबिका वेयर हाउस, दक्षिण - खुली जमीन | | |

विशेष रूप से उधारकताओं और आम जनता को एतद्वारा इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित किसी भी लेन-देन पर एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड ("एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट") द्वारा ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज का प्रभार लागू होगा। उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

**स्थानः मध्य प्रदेश**
**दिनांकः 24/08/2025.**

**एसडी/-,**
**प्राधिकृत अधिकारी- एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड**



## इन्दौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, इन्दौर

### साधारण सभा का सूचना पत्र

बैंक की सदस्य संस्थाओं के बैंक प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि बैंक की 109वीं वार्षिक साधारण सभा **26-08-2025 मंगलवार** को दोपहर 12.00 बजे से **बैंक मुख्यालय 24, महारानी रोड, इंदौर** में आयोजित की गई है।

सदस्य संस्थाओं को डाक द्वारा सूचना भेजी गई है। कृपया बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।

**आलोक कुमार जैन**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेलः jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 73/सिविल/25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-22 तक

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांकः** 20.08.2025

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR/NON SOR, DATE 02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_445942_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 15 के अन्तर्गत कृष्ण वाटिका में महेन्द्र भावसार के घर से राजेश वर्मा के घर तक रोड़ का सीमेन्ट कांक्रीट करना। | 90 दिवस ₹9,05,350/- | ₹2,000/- ₹9,100/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 02 | 2025_UAD_445943_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 64 के अन्तर्गत जलजमाव वाले स्थानों पर आवश्यकता अनुसार पाईप डालना तथा स्टॉर्म वॉटर लाईन के चेम्बर्स की मरम्मत कर आवश्यक सिविल कार्य करना। | 90 दिवस ₹7,49,148/- | ₹2,000/- ₹7,500/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 03 | 2025_UAD_445944_1 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 28 के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग के हाजरी सेंटर का निर्माण कार्य करना। | 90 दिवस ₹3,16,975/- | ₹2,000/- ₹3,200/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 04 | 2025_UAD_445945_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 01 के अन्तर्गत केशव नगर में बड़ी माता जी मंदिर के सामने वाली रोड़ का सीमेन्ट कांक्रीट करना। (तृतीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹10,19,807/- | ₹2,000/- ₹7,700/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 05 | 2025_UAD_445946_1 | झोन क्र. 14 वार्ड क्र. 82 के अन्तर्गत सुदामा नगर ई सेक्टर में राधाकृष्ण मंदिर के सामने वाली व विभिन्न बेकलाईनों से मलवा निकालना व सिमेन्टीकरण करना। (तृतीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹12,69,033/- | ₹2,000/- ₹9,600/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 06 | 2025_UAD_445947_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 62 के अन्तर्गत रावजी बाजार क्षेत्र शनि गली में सार्वजनिक सूर्य मंदिर हॉल के पास शेड़ का निर्माण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹14,08,900/- | ₹2,000/- ₹10,600/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 07 | 2025_UAD_445948_1 | झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 34 के अन्तर्गत स्टॉर्म वॉटर लाईनों का संधारण कार्य करना। | 90 दिवस ₹3,81,076/- | ₹2,000/- ₹3,900/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 08 | 2025_UAD_445949_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 65, 66 के अन्तर्गत उद्यानों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पिट में वर्षा के पानी को पहुँचाने हेतु स्टॉर्म वॉटर लाईन डालना। (साधुवासवानी गार्डन, खनुजा खेल मैदान, कलेक्टर निर्वाचन ऑफिस के सामने) (तृतीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹18,63,023/- | ₹2,000/- ₹14,000/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 09 | 2025_UAD_445951_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42 के अन्तर्गत रविन्द्र नगर कुएँ वाले गार्डन के आस पास जल निकासी हेतु स्टॉर्म वॉटर लाईन डालना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹30,46,788/- | ₹5,000/- ₹22,900/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 10 | 2025_UAD_445952_1 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 26 के अन्तर्गत अमीर पहलवान की चॉल में पार्षद निधि से सीमेन्ट कांक्रीट करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹31,85,124/- | ₹5,000/- ₹23,900/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 11 | 2025_UAD_445953_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 55 के अन्तर्गत आर.एन.टी मार्ग पर सार्वजनिक शौचालय के पीछे पॉल नर्सिंग होम के पास वाल्मिकी कम्युनिटी हॉल का शेष निर्माण कार्य करना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹32,33,328/- | ₹5,000/- ₹24,300/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 12 | 2025_UAD_445954_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 63 के अन्तर्गत रामद्वारा पारसी मोहल्ला से मनीष मामा की गली में बालाजी स्पोर्टस से मुरली मनोहर मंदिर तक सिमेन्टीकरण का कार्य करना। (चतुर्थ आमंत्रण) | 180 दिवस ₹34,68,246/- | ₹5,000/- ₹26,100/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 13 | 2025_UAD_445957_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 76 के अन्तर्गत भिचौली मर्दाना में माता मंदिर से रामेश्वर पटेल नगर होते हुए गिट्टी खदान तक रोड़ किनारे वर्षा के पानी की निकासी हेतु स्टॉर्म वॉटर लाईन डालना। (चतुर्थ आमंत्रण) | 180 दिवस ₹47,50,707/- | ₹5,000/- ₹35,700/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 14 | 2025_UAD_445958_1 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 45 के अन्तर्गत देव नगर में जर्जर शौचालय के स्थान पर सामुदायिक भवन बनाना। (छटवा आमंत्रण) | 240 दिवस ₹51,83,000/- | ₹10,000/- ₹38,900/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 15 | 2025_UAD_445960_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 62 के अन्तर्गत जुनी इन्दौर मुक्तिधाम में रंगाई पुताई तथा अन्य आवश्यक सिविल कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 240 दिवस ₹54,80,701/- | ₹10,000/- ₹41,200/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 16 | 2025_UAD_445961_1 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 30 के अन्तर्गत गुरू नगर में दुर्गा चौहान जी वाली गली में रिंग रोड़ सर्विस रोड़ से दीपक जी के घर तक व पारिजात स्कूल से राजपत यादव के घर तक रोड़ बनाना एवं आसपास की गली का सीमेन्टीकरण करना। (तृतीय आमंत्रण) | 240 दिवस ₹57,39,438/- | ₹10,000/- ₹43,100/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 17 | 2025_UAD_445962_1 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 77 के अन्तर्गत वर्षा ऋतु में जनसुविधा के दृष्टिगत आवश्यक स्थानों पर पोट होल पर मेटल पेंचवर्क करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹8,28,950/- | ₹2,000/- ₹8,300/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 18 | 2025_UAD_445963_1 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 24 के अन्तर्गत शंकर कुमार का बगीचा में नवीन आंगनवाड़ी का निर्माण कार्य करना। (तृतीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹9,50,917/- | ₹2,000/- ₹9,600/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 19 | 2025_UAD_445964_1 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 24 के अन्तर्गत सर्वहारा नगर गली न. 02 में नवीन आंगनवाड़ी का निर्माण कार्य करना। (तृतीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹9,50,917/- | ₹2,000/- ₹9,600/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 20 | 2025_UAD_445966_1 | झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 06 के अन्तर्गत धर्मराज कॉलोनी में स्ट्रॉर्म वॉटर लाईन डालना। (पंचम आमंत्रण) | 90 दिवस ₹9,89,271/- | ₹2,000/- ₹9,900/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 21 | 2025_UAD_446199_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 01 के अन्तर्गत शालीमार पैलेस में जागृति स्कुल से डायमण्ड पैलेस आंगनवाड़ी तक रोड़ का सीमेन्ट कांक्रीट करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹14,32,795/- | ₹2,000/- ₹10,800/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |
| 22 | 2025_UAD_446200_1 | झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 06 के अन्तर्गत महावीर कृपा कॉलोनी, बिजासन कॉलोनी एवं अन्य स्थान पर दीवार निर्माण एवं चेन फेंसिंग का कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹5,20,949/- | ₹2,000/- ₹5,300/- | 04-09-2025 6.00 PM 08-09-2025 |

**नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**अधीक्षण यंत्री**
**(जनकार्य विभाग)**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**



## Cyagro organic

Behind B.D. Cotton Mills, 4th milestone, Sirsa Road, Hisar, Haryana-125001
Mob. 9996109696

**Notice for Sale of** 100% water Soluble Mixture Of Fertilizer grades in agriculture use In pursuance to the order no S.O.(E) dated 24th October 2015, and its Amendment dated 30th December, 2017, issued by Department of agriculture corporation and farmers welfare, ministry of Agriculture and farmers welfare, govt. of india in FCO 1985

Cyagro organic herby notifies that it intends to sale 100% water Soluble Mixture Of Fertilizer grades in the state of MP-as per the specifications given-

| Sr.NO | Composition | Brand Name |
|---|---|---|
| 1 | 12:58:00 | Steric P |
| 2 | 6:00:49 | Steric K |